हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 31 दिसंबर 2023

06 अधिकारी-कर्मचारी ईमानदारी से करें काम...



07 13 मौतों के बाद जागे विभाग के जिम्मेदार...





## पश्चिमी विक्षोभ : बारिश के साथ नए साल की हो सकती है शुरुआत

# सर्दी का गोल्डन पीरियड 3 जनवरी तक, सर्द हवाओं के साथ बारिश व ओले गिरने के आसार

### मौसम में हो रहा बदलाव, सुबह और शाम के समय पड़ रही ठंड, बीते एक सप्ताह से सुबह के समय हल्का तो कभी घना कोहरा छा रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नए साल की शुरुआत इस बार बारिश के साथ हो सकती है। स्ट्रांग सिस्टम बन रहा है। इससे सिर्फ बारिश ही नहीं ओले गिरने की संभावना भी बनी हुई है। इससे मौसम सर्द हो जाएगा। शनिवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बता दें कि साल के सबसे ज्यादा ठंडे रहने वाले दिनों की शुरुआत हो चुकी है। दिसंबर का आखिरी और जनवरी का पहला सप्ताह पूरे पूरे साल का सबसे ठंडा रहने वाला होता है। इस साल भी अच्छी ठंडक होने की संभावना है। दिसंबर के महीना अपने आखिरी दौर में है। हालांकि अब तक ज्यादा तेज ठंड नहीं पड़ी है। लेकिन अब मौसम बिगड़ने वाला है।

आरएके कॉलेज स्थित ग्रामीण कृषि मौसम सेवा केंद्र के विशेषज्ञ डॉ. सत्येंद्र सिंह तोमर ने बताया कि एक और पश्चिमी विक्षोभ आ रहा है, जो कि ठंड बढ़ा देगा। नस साल में इसका असर दिखाई देगा। 31 दिसंबर से 3 जनवरी तक बारिश होने की संभावना है। इसके साथ ओलावृष्टि भी हो सकती है। इससे मौसम ठंडा हो जाएगा। रात के मुकाबले दिन के समय भी ज्यादा ठंड रहेगी। इससे पहले वर्ष 2020 में भी इसी तरह नए साल पर बारिश हुई थी।

### यह होता है सर्दी का गोल्डन पीरियड

अब ठंड का गोल्डन पीरियड यानी सबसे ठंडा रहने वाला समय भी चालू हो गया है। पिछले सालों के आंकड़े देखें तो 9 में से 8 साल 25 से 31 दिसंबर के बीच ही सबसे ठंडे दिन रहे हैं। इस साल भी मौसम ठंडा होने का अनुमान है। ठंडक में अभी कमी हुई है। शनिवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री दर्ज किया गया गया है। जबकि एक दिन पहले शुक्रवार को अधिकतम तापमान 28.5 डिग्री ओर न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। हालांकि पिछले सप्ताह पारा 6.2 डिग्री तक पहुंच गया था। लेकिन पश्चिमी विक्षोभ के असर से फिर तापमान में बढ़ोत्तरी हुई है।



### 2014, 2020 और 2023 को पहले दिन था घना कोहरा

आमतौर पर जनवरी महीने की शुरुआत सर्द सुबह से ही होती है। आंकड़े देखें तो 2014 और 2020 में साल के पहले दिन ही कोहरा छाया रहा था। कोहरा भी घना था। वहीं 2023 में जनवरी की शुरुआत हल्के कोहरे के साथ हुई थी। हल्का कोहरा इस साल भी रह सकता है।

### ऐसे हो रही नए साल की शुरुआत

| दिनांक | अधि.ताप. | न्यू. ताप. |
|---|---|---|
| 1 जनवरी 2020 | 18.0 | 11.0 |
| 1 जनवरी 2021 | 24.8 | 12.2 |
| 1 जनवरी 2022 | 21.5 | 11.8 |
| 1 जनवरी 2023 | 23.5 | 9.5 |

## चौपाटी बने 6 माह बीते, दुकानों का आवंटन नहीं 50 से अधिक आवेदन आए

### आवंटित दुकानों को एक डिजाइन में बनाने की थी तैयारी, नहीं हो सकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के या ता या त व्यवस्था को सुधारने के लिए सड़कों के किनारे खाद्य सामग्री विक्रय करने वाले हाथ ठेलों को एक व्यवस्थित जगह उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर पालिका ने एक बेहतर प्लान तैयार कर भोपाल नाका पर सी-37 के नाम से एक चौपाटी तैयार की, लेकिन 6 माह बाद भी दुकानों का आवंटन नहीं हो सका। जबकि इसके लिए 50 से अधिक आवेदन आ चुके हैं। इससे न तो यातायात व्यवस्था सुधर सकी और न ही हाथ ठेलों को व्यवस्थित जगह ही मिली।

कुछ माह पहले नगर पालिका ने भोपाल नाका पर एक चौपाटी तैयार की। यहां पर खाने-पीने की सामग्री वाले हाथ ठेलों को खड़ा कराने का प्लान था। एक महीने बाद इस सुविधा के मिलने की उम्मीद थी, लेकिन यह काम नहीं हो सका। नगर पालिका ने एक व्यवस्थित चौपाटी तो तैयार कर दी लेकिन यहां पर हाथ ठेलों के लिए जगह का आवंटन नहीं हो सका। लोगों के बैठने के लिए भी इंतजामः भोपाल नाका के पास आवासीय खेलकूद संस्थान और पॉलीटेक्निक छात्रावास के बीच खाली पड़ी 5 हेक्टेयर जमीन पर चौपाटी का निर्माण कराया जा रहा है। इसकी लंबाई करीब 70 मीटर है, जबकि चौड़ाई 6 मीटर है। इस पर करीब 15 लाख रुपए खर्च किए गए। इस संबंध में नगर पालिका के एई रमेश वर्मा ने बताया कि इन दुकानों के लिए आवेदन मंगाए गए थे। इस प्रक्रिया में 50 से अधिक आवेदन आए हैं। इनका आवंटन शीघ्र ही किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### खेलने निकला 10 साल का बालक तलाई में डूबा, मौत

**इछावर।** एक महिला पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा, जब घर से खेलने के लिए निकला उसका 10 वर्षीय पुत्र गांव के पास तलाई में डूब गया। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार आर्या निवासी देव बाई का 10 वर्षीय पुत्र जयदीप पांचाल घर से खेलने का कहकर निकला था। शाम तक जब वह हीं लौटा तो महिला व उसके भाई ने बच्चों को ढूंढने के लिए काफी प्रयास किया। किसी ने सूचना दी कि तलाई के पास एक बच्चे के जूते पड़े हैं। इस पर कुछ ग्रामीणों ने तलाई में डुबकी लगाई और शाम 7 बजे के लगभग बच्चे का शव बाहर निकाल दिया। परिजन शव को लेकर इछावर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पीएम के बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। महिला देव बाई का 8 वर्ष पहले अपने पति से तलाक हो गया था और वह अपने पिता के घर में रह रही थी। देव बाई के दो पुत्र हैं।

### विश्व हास्य महासंघ के सदस्य सीहोर आ रहे हैं सबको हंसाने

**सीहोर।** अच्छे स्वास्थ्य के लिये हंसना जरुरी है और आज कल के तनावपूर्ण जीवन में भी कैसे हंसकर जिंदगी जीना चाहिये इसे सिखाने का काम वर्षों से विश्व हास्य योग महासंघ इंदौर के सदस्यों द्वारा किया जा रहा है। महासंघ का एक भव्य आयोग सीहोर में 31 दिसम्बर रविवार को स्वामी नारायण मंदिर में होने जा रहा है। वरिष्ठ योग गुरु रामेश्वर भूतड़ा इन्दौर की प्रेरणा से सीहोर में गिरीराज मित्र मण्डल, द ग्रेन मर्चेंट व्यापार महासंघ, चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर समिति के संयुक्त तत्वाधान में उक्त आयोजन होने जा रहा है जिसमें हास्य योग महासंघ इन्दौर के सदस्यों ने सीहोर आने के लिये समय दिया है। संघ के प्रमुख सदस्यों में कैलाश खण्डेलवाल, वीर छावड़ा, जनार्दन शर्मा सहित सुनीता कुमावत ने भी सीहोर आने की स्वीकृति दी है। आप लोग 31 दिसम्बर को सुबह 7.30 बजे स्वामी नारायण मंदिर प्रांगण स्टेशन रोड सीहोर पर रंगारंग कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

### अब कॉलेज में खुलेगा विद्यार्थी का एबीसी खाता

**सीहोर।** जिस तरह देश के हर नागरिक के लिए आधार कार्ड जरूरी है, उसी तरह अब हर विद्यार्थी का एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) खाता खुलेगा। इसमें उसकी पढ़ाई का पूरा रिकार्ड रहेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने सभी विद्यार्थियों के लिए यह अनिवार्य किया है। एबीसी एक प्रकार की बैंक है जिसमें हर विद्यार्थी की प्रत्येक परीक्षा का रिकार्ड हमेशा के लिए स्टोर रहेगा। इसी बैंक के आधार पर अब विद्यार्थी को देश-विदेश में कहीं भी आगे पढ़ाई करनी हो या कहीं नौकरी में जाना हो तो उसे मार्कशीट और डॉक्यूमेंट साथ लेकर चलने की जरूरत नहीं रहेगी। फार्म भरने से पहले एबीसी में केवल एक बार ही रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

# आरएसएस कार्यालय पर रात 12 बजे पथराव एसपी अवस्थी ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

**सीहोर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला मुख्यालय पर बने कार्यालय पर शुक्रवार रात करीब 12 बजे पथराव हो गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे उन्होंने घटनास्थल का जायजा लिया। घटना के समय कार्यालय पर संघ के मनीष अग्रवाल, अजय यादव, राहुल शर्मा और सचिन मौजूद थे। जिन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी।

जानकारी के अनुसार सीहोर नगर में सीवन नदी के पास राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्यालय स्थित है। जहां रात करीब 12 बजे कुछ अज्ञात लोग कार्यालय के पास पहुंचे और कार्यालय के बाहर एमसीबी विद्युत उपकरणों से छेड़छाड़ की और संघ कार्यालय पर पथराव किया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी सहित पुलिस बल मौके पर पहुंच गया था। शनिवार सुबह थाना कोतवाली प्रभारी विकास खींची भी संघ कार्यालय पहुंचे और वहा संघ के स्वयंसेवकों से चर्चा की है। मामले को लेकर विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष जगदीश कुशवाहा ने बताया कि संघ कार्यालय पर पथराव की घटना रात में हुई है। उन्होंने पथराव करने वाले आरोपियों पर सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की। वहीं, अभी यह क्लियर नहीं हो पाया है कि हमला किसने किया था। कोतवाली टीआई विकास खींची ने कहा कि मामले में अभी जांच चल रही है, पुलिस मामले में नियम अनुसार कार्रवाई कर रही है।



## चचेरे भाई ने जमीन विवाद पर कर दी थी हत्या, कोर्ट ने सुनाई आजीवन कारावास की सजा

**सीहोर।** चचेरे भाईयों ने जमीन विवाद पर अपने ही भाई की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। तृतीय अपर सत्र न्याायाधीश अभिलाष जैन ने जमीनी विवाद में हत्या करने वाले आरोपियों को आजीवन कारावास से दण्डित किया गया।

कोर्ट ने मामले के आरोपी सुमित राय पिता प्रताप सिंह (36) निवासी तिलक पार्क के पास कस्बा सीहोर को धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास एवं पांच हजार रुपए का अर्थदंड तथा मनोज राय पिता प्रताप सिंह (38) निवासी तिलक पार्क के पास कस्बा सीहोर को धारा 325 भादवि सहपठित धारा 34 में 03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक हजार रुपए का अर्थदण्ड एवं धारा 323 सहपठित धारा 34 में 01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500 रूपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।

जिला अभियोजन अधिकारी अनिल बादल ने बताया किघटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि 10 अक्टूबर 2020 को मण्डी थाना क्षेत्र के अंतर्गत फरियादी सीताराम राय द्वारा अपने भतीजों मनोज राय, सुमित राय, हीरालाल राय के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध कराई गई कि शाम 6 बजे वह अपने बेटे दामोदर, भाई कन्हैयालाल राय, भतीजे गणेश आदि के साथ ओटला वाली खेत पेपर मिल के पास सोयाबीन की फसल हार्वेस्टर से कटाई करा रहे थे। पास ही बड़े भाई प्रताप राय की भी जमीन खेत है जिनसे इसी जमीन को लेकर पुराना विवाद चल रहा था, तभी भाई प्रताप राय के लड़के मनोज राय, सुमित राय तथा हीरा राय आये और गंदी-गंदी गालियां देते हुए कहने लगे के कि हमारे खेत की फसल कैसे काट रहे हो तुम लोग ऐसे नहीं मानोगे आज तुम्हारा खेल खत्म कर देते है और जान से मारने की नियत से हमला कर दिया।

मनोज राय, हीरा राय ने लाठी से मारा जिससे मुझे बाँये कंधे पर बाँये घुटने सीधे हाथ पर चोट लगी है। सुमित राय ने छूरी से मेरे लड़के दामोदर राय को मारी हम दोनो नीचे गिर गये। छूरी दामोदर राय को पेट में लगी है तभी मेरे परिवार के कन्हैयालाल, गणेश राय, यशवंत राय, जितेन्द्र राय हरिशंकर राय भी झगड़े की जानकारी मिलते ही मौके पर आये उनके साथ भी इन तीनो लोगो मनोज राय, सुमित राय, हीरा राय ने लाठी छुरी पत्थरो से मारपीट कर चोट पहुंचाई है । दीपक राय एवं और भी परिवार के लोग मोटर सायकल से अस्पताल लेकर आयें डॉ. साहब ने मेरे लडके दामोदर राय को देखने के बाद मृत घोषित कर दिया।

फरियादी की उक्त रिपोर्ट पर से पुलिस थाना मण्डी में आरोपीगण के विरूद्ध अपराध क्र. 261/2020 धारा 302, 294, 307, 323, 506, 34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस थाना मण्डी द्वारा आरोपियों के विरूद्ध अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। अभियोजन द्वारा अपने पक्ष में 16 साक्षी परीक्षित कराए गए जिनमें घटना के समय फसल काट रहा हार्वेस्टर का चालक भी सम्मिलित है। आरोपीगण द्वारा अपने समर्थन में अपने खेत के चौकीदार की गवाही कराई गई और यह तर्क दिया कि वास्तव में हमला फरियादी पक्ष द्वारा किया गया था और फरियादी पक्ष के किसी व्यक्ति द्वारा आरोपी सुमित पर हमला किया गया और सुमित के हट जाने वह चाकू मृतक दामोदर को लग गया जिससे उसकी मृत्यु हो गई। अभियुक्त पक्ष द्वारा यह भी तर्क रखा गया कि फरियादी पक्ष की संख्या ज्यादा थी और आरोपी केवल दो थे। अभियोजन द्वारा आरोपीगण के उपरोक्त तर्कों का सर्वोच्च न्यायालय के न्याय दृष्टांतों को प्रस्तुत करते हुए उनका खंडन कराया गया और मृतक एवं फरियादी की चोटों को ज्यादा गंभीर होना प्रमाणित किया गया। घटना को स्वतंत्र साक्षियों के मध्यकम से प्रमाणित कराया गया जिससे सहमत होकर न्यायालय द्वारा आरोपियों को दोषी ठहराया गया।

### जिपं सदस्य के रिक्त पद के लिए 22 को होगा मतदान

**सीहोर।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिला पंचायत सदस्य उप निर्वाचन 2023 के तहत जिला पंचायत सदस्य के रिक्त पद की पूर्ति के लिए निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया है। जिला पंचायत सदस्य के नाम निर्देशन पत्र जमा करने की कार्यवाही प्रांरभ हो चुकी है। नामनिर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख 6 जनवरी 2024 है। नामनिर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जांच) 8 जनवरी 2024 को की जाएगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 10 जनवरी 2024 है। निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करने की कार्यवाही तथा निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन अभ्यर्थिता से नाम वापसी के ठीक बाद में किया जाएगा।

जिला पंचायत सदस्य के रिक्त पद के लिए मतदान 22 जनवरी को प्रातः 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक किया जाएगा। जिला पंचायत सदस्य की विकासखण्ड मुख्यालय पर ईव्हीएम से की जाने वाली मतों की गणना 25 जनवरी 2024 को प्रातः 8 बजे से की जाएगी। इसके साथ ही जिला पंचायत सदस्य पद के लिये मतों का विकासखण्ड स्तरीय सारणीकरण भी 25 जनवरी 2024 को किया जाएगा। जिला पंचायत सदस्य पद के लिए मतों का जिला मुख्यालय पर सारणीकरण तथा निर्वाचन परिणाम की घोषणा 27 जनवरी 2024 को की जाएगी।

### नए साल पर होगा माता मंदिर और दरबार पर भंडारा

**सीहोर।** इस वर्ष भी पुराना इंदौर-भोपाल मार्ग पर स्थित माता मंदिर और जिंद बाबा की दरबार पर सोमवार को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। सुदाना पशुआहार सयंत्र पचामा के सामने माता मंदिर और जिंद बाबा की दरगाह स्थापित हैं। जिसमें हिन्दु और मुस्लिम दोंनो ही धर्मावलंबी आते हैं और पूजा अर्चना करते हैं। समाजसेवी तुलसीराम पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि माता मंदिर और जिंदबाबा दरगार को यहां पर स्थापित लंबा समय हो चुका है और 25 साल से अधिक समय यहां पर नववर्ष पर भंडारे का आयोजन किया जाता है। श्री पटेल ने बताया कि 1 जनवरी को सुबह पहले माता मंदिर में हवन पूजन किया जाएगा। इसके बाद दरगाह पर चादर चढ़ाने के बाद सुबह 11 बजे से भंडारा आयोजित किया जाएगा। तुलसीराम पटेल मित्र मंडली और सहयोगदाताओं ने धर्मप्रेमी बंधुओं ने भंडारे में प्रसादी ग्रहण करने की अपील की है।

### तीन दिवसीय सिद्धपुर रंगमहोत्सव कल से होगा शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

एक जनवरी से तीन जनवरी तक भोपाल नाका स्थित पीजी कॉलेज सभागार में शाम 6.30 से रात 8.30 तक सिद्धपुर रंगमहोत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजक तनुज व्यास ने जानकारी देते हुए बताया की हमारी संस्कृति को निखारने सीहोर शहर में तीन दिवसीय सिद्धपुर रंगमहोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिस के तहत एक जनवरी को 6.30 बजे प्रितेश सक्सेना के निदेर्शन में पंचजन्य समूह द्वारा संगित कार्यक्रम शाम 7 बजे लेखक धर्मवीर भारती, निर्देशक सरफराज के निर्देशन में यंग्स थिएटर भोपाल द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। दो जनवरी को शाम 6.30 बजे से चारूलता चौरे के निर्देशन में चारू नृत्य भूमि कथक कला केंद्र और शाम 7 से लेखक पुरेमदु शेखस्कर का नाट्य रूपांतर और राघव तिवारी के निर्देशन में नटवाक्यम की प्रस्तुति होगी। तीन जनवरी को शाम 6.30 बजे से विल्सन जैन के निर्देशन में मृत्युंजय कल्चरल और वेलफेयर सोसायटी द्वारा संगीत और शाम 7 बजे से लेखक हरिशंकर परसाई नाट्य रूपांतरण व अरूण पांडे के निर्देशन में विवेचना रंगमंडल द्वारा निठल्ले की डायरी की प्रस्तुति होगी। आयोजनकर्ताओं ने कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील नागरिकों से की है।

## छात्रों ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास पर आधारित मॉडलों का किया प्रदर्शन

# मॉडल बनाने में सीएम राइज स्कूल मंडी, विज्ञान नाटिका में उमावि बांया और प्रश्नमंच में उत्कृष्ट उमावि सीहोर रहे पहले स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

समग्र शिक्षा अभियान द्वारा 'जादू नहीं विज्ञान है इसे समझाना समझना आसान है' की थीम पर जिला स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन शासकीय आवासीय खेलकूद संस्थान में हुआ। प्रदर्शनी के अंतर्गत विज्ञान मॉडल एवं प्रोजेक्ट का प्रदर्शन करने के साथ विज्ञान से चमत्कारिक गतिविधियां, विज्ञान आधारित नाटिका तथा प्रश्न मंच का आयोजन किया गया।

विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर एवं जिला परियोजना समन्वयक आरआर उइके ने किया। विज्ञान प्रदर्शनी में जिले के समस्त विकासखंडों से चयनित छात्र एवं छात्राओं ने जिला स्तर पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास पर आधारित मॉडलों का प्रदर्शन किया तथा विज्ञान आधारित नाटकों का मंचन किया। इसमें समाज में व्याप्त अंधविश्वास व कुरीतियों को वैज्ञानिक भाषा में समझाया।



प्रश्न मंच प्रतियोगिता में विज्ञान विषय के प्रश्नों के आधार पर लिखित परीक्षा का आयोजन हुआ। प्रदर्शनी में प्रोजेक्ट एवं मॉडल में प्रथम स्थान शासकीय सीएम राइज मुनबेन उमावि मंडी सीहोर, द्वितीय स्थान शासकीय मॉडल स्कूल सीहोर एवं सीएम राइज उमावि भैरूंदा, तृतीय स्थान शासकीय उमावि मॉडल आष्टा ने प्राप्त किया। इसी प्रकार विज्ञान नाटिका में शासकीय कन्या उमावि बांया ने पहला, सीएम राइज उमावि शाहगंज ने दूसरा और शासकीय उमावि मॉडल सीहोर ने तीसरा स्थान हासिल किया। इसके अलावा प्रश्न मंच में शासकीय उत्कृष्ट उमावि सीहोर पहले, सीएम राइज उमावि भैरूंदा दूसरे और शासकीय उमावि मॉडल सीहोर तीसरे स्थान पर रहे। विभिन्न विधाओं के निर्णायक आरके पाली, पवन सभरवाल, सत्यनारायण शर्मा, संजय श्रीवास्तव एवं मोहित शर्मा थे। जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली संस्थाओं व छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र व पुरस्कार प्रदान किए गए।

### जान बचाने पर मिलेगा 5 हजार का पुरस्कार

**सीहोर।** भारत सरकार के भूतल परिवहन विभाग द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने तथा दुर्घटना होने पर घायलों की जान बचाने तथा शीघ्र उपचार उपल्ब्ध कराने के लिए गुड सेमीरिटन नेक व्यक्ति योजना संचालित की जा रही है। दुर्घटना मे घायल होने के बाद उन्हें अस्पताल पहुaचाने वाले व्यक्ति से पुलिस द्वार पूछताछ नहीं की जायेगी, जान बचने पर संबंधित व्यक्ति को 5 हजार रूपये का पुरस्कार कलेक्टर की अध्यक्षता मे गठित समिति के निर्णय के पश्चात दिया जायेगा। सडक दुर्घटनाओं की जानकारी आईरेड एप के माध्यम से संकलित की जाती है एप मे घटना की लाईव एंट्री,घटना के वाहन नं0, पोस्ट मार्टम रिपोर्ट की जानकारी दर्ज की जाती है।

## खबर संक्षेप

### मप्र पेंशनर्स समाज के तहसील अध्यक्ष नियुक्त



**सीहोर।** मध्यप्रदेश पेंशनर्स समाज प्रदेश अध्यक्ष डी.पी.दुबे एवं उप प्रांत अध्यक्ष के.एल.बैरागी की सहमति से जिला अध्यक्ष सुन्दरलाल राठौर के द्वारा संगठन का विस्तार करते हुए तहसील स्तरीय अध्यक्षों की नियुक्ति करते हुए इछावर तहसील अध्यक्ष बंशीलाल सोनी, जावर तहसील अध्यक्ष सुधीर सिंह विश्वकर्मा, आष्टा तहसील अध्यक्ष एम.के.शर्मा, भैरूंदा तहसील अध्यक्ष प्रेमनारायण पेंठारी, श्यामपुर तहसील अध्यक्ष के.सी.शर्मा, बुधनी तहसील अध्यक्ष रमेश चंद आंकरे को नियुक्त किये जाने के साथ ही आशा व्यक्त की है कि सभी संगठन को गति प्रदान करने हेतु अपनी-अपनी तहसील की कार्यकारिणी का गठन कर जिला पेंशनर्स कार्यालय को सुचित करेगें एवं संगठन की समस्त गतिविधियों में बढ़चडक़र सहभागिता निभायेगें। इनकी इस नियुक्ति पर म.प्र.पेंशनर्स समाज के सभी पदाधिकारियों ने बधाई व शुभकामनाऐं प्रेषित की है।

### कालेज अभियान के तहत ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया की दी गई जानकारी

**सीहोर।** जिले के अनेक शासकीय महाविद्यालयों में सत्र 2024-25 में छात्र-छात्राओं के प्रवेश के लिए महाविद्यालय स्टॉफ द्वारा कॉलेज चलो अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान विद्यार्थियों को ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है। साथ ही मेजर, माइनर, ओपन इलेक्टिव, वोकेशनल कोर्स एवं प्रोजेक्ट के बारे में विद्यार्थियों को बताया जा रहा है।

### कोविड-19 के नवीन वेरियंट जेएन-1 को लेकर दिशा-निर्देश जारी

**सीहोर।** वैश्विक महामारी के परिदृश्य में कोविड-19 के पॉजिटिव तथा एक्टिव मरीजों की संख्या में पुनः वृद्धि परिलक्षित होने के मद्देनजर तथा कोविड-19 के नवीन वेरियंट जेएन-1 को लेकर लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव द्वारा जरूरी दिशा निर्देश जारी किए गए है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने जानकारी दी कि मौसमी बीमारियों के दृष्टिगत साधारण सर्दी जुकाम वाले रोगी भी कोविड-19 के लक्षण के साथ ओपीडी में उपस्थित हो सकते है। समस्त संदिग्ध व्यक्ति आईएलआई लक्षण वाले जिन्होंने पिछले 14 दिनों में विदेश यात्रा की हो, जो प्रयोगशाला द्वारा पुष्टि कि किए गए केस के संपर्क में आए हो। सीआर टेस्ट अवश्य कराना चाहिए। अपर मुख्य सचिव ने जारी निर्देशों में कहा कि प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा कोविड-19 रोगी की क्लीनिकल स्थिति का आकलित कर ऑक्सीजन की आवश्यकता, ऑक्सीजन की फ्लोदर तथा यथोचित सैचुरेशन नियंत्रित कर आक्सीजन थैरेपी का तर्कसंगत उपयोग सुनिश्चित किया जाए। अस्पतालों में बिस्तरों की उपलब्धता तथा अस्पतालो की क्षमता के अवलोकन के लिए नियमित रूप से ड्रॉयरन का आयोजन, सभी गभीर रूप से संकमित पाए व्यक्तियों की कांटेक्ट ट्रेसिंग सुनिश्चित की जाएं।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत दीवड़िया पहुंची, लोगों को योजनाओं की दी जानकारी

# अधिकारी-कर्मचारी ईमानदारी से करें काम, बेईमानी और भ्रष्टाचार नहीं होगा बर्दाश्त: करणसिंह वर्मा

### कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की दी जानकारी , विभागों ने स्टाल लगाकर हितग्राहियों को किया लाभांवित

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर





आप लोगों ने विधानसभा चुनाव में मुझे एवं भारतीय जनता पार्टी को ऐतिहासिक जीत दिलाकर अपना कर्तव्य निभाया है , अब विकास की जिम्मैदारी हमारी है। मैं आपकों विश्वास दिलाता हूं कि क्षेत्र का कोई सा भी गांव , मंझला -टोला विकास से अछूता नहीं रहेंगा। समाज के प्रत्येक व्यक्ति के जीवन स्तर को उंचा उठाने के लिए उसे शासन की योजनाओं से जोड़ा जाएगा। इसी मकसद को लेकर राज्य व केंद्र सरकार द्वारा कई जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई है। इन योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका लाभ लें । यदि योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर कोई भी अधिकारी, कर्मचारी आनाकानी करता है अथवा पैसों की मांग करता है तो आप सीधे मुझसे शिकायत करें । किसी भी हाल में बेईमानी और भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह बात क्षेत्रीय विधायक एवं केबीनेट मंत्री करणसिंह वर्मा ने शनिवार को ग्रापं दीवड़िया में भारत विकसित संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित करते हुएं कही ।

कार्यक्रम में केंद्र शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत कराया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य प्रशासनिक विभाग के अमले ने भी स्टाल लगाकर विभागीय योजनाओं, सेवाओं की जानकारी दी। साथ ही पात्र हितग्राहियों को लाभांवित किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ शनिवार दोपहर को ग्रापं दीवड़िया पहुंचा। इस दौरान एक कार्यक्रम आयेजित किया । जिसमें नवनियुक्त केबिनेट मंत्री करणसिंह वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। ग्रामीणों ने रथ पर पुष्प वर्षा कर एवं श्रीवर्मा को फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान एलईडी के माध्यम से ग्रामीणों को केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों और जनकल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई । इस दौरान योजनाओं का लाभ देने के लिए विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर पात्र हितग्राहियों लाभांवित करने उनसे आवेदन प्राप्त किये और उनका निराकरण किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सरपंच अजय पटेल, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि राकेश वर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष कैलाश सुराना, जप अध्यक्ष प्रतिनिधी जगदीश पटेंल, अनिल चौहान जनपद उपाध्यक्ष नीलू शंकर जयसवाल, प्रतिनिधि शंकर जयसवाल , भाजपा नेता भूपेंद्रसिंह सिसोदिया, कैलास पटेल, राजपाल परमार, प्रेमनारायण वर्मा, मनीष विश्वकर्मा , शिशिर राठी, अतिराजसिंह खीची, शुभम यादव, प्रणव चौहान, मंगल पांडे सहित प्रशासनिक अमला मौजूद था।

**इन योजनाओं की दी जानकारी** : आयोजित कार्यक्रम में केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही आयुष्मान भारत , दीनदयाल अंत्योदय योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री पोषण अभियान, हर घर नल सेजल, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना, अटल पेंशन योजना आदि योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत कराया । इसके साथ ही जनजातीय परिवारों के कल्याण से संबधित योजनाओं में सिकल सेल एनीमिया निवारण, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में प्रवेश, स्कांलरशिव, वन अधिकार, वन-धन विकास केंद्र की भी जानकारी दी गई।

## जिपं सदस्य उप निर्वाचन के तहत निर्वाचन क्षेत्रों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर लगा प्रतिबंध

**सीहोर।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिला पंचायत सदस्य उप निर्वाचन 2023 के तहत जिला पंचायत सदस्य के रिक्त पद की पूर्ति के लिए निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया है। जिला पंचायत सदस्य के रिक्त पद के लिए मतदान 22 जनवरी 2024 को किया जाएगा।

जिला पंचायत सदस्य उप निर्वाचन 2023 के तहत निर्वाचन क्षेत्रों में निर्वाचन प्रचार-प्रसार कार्य में लाउड स्पीकर के अनियंत्रित उपयोग से होने वाली जन परेशानी, ध्वनि प्रदूषण व शांति व्यवस्था के दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री प्रवीण सिंह ने मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 18 के अंतर्गत अनुविभागीय दण्डाधिकारी (राजस्व) की अनुमति के बिना ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया है। यह आदेश मतदान प्रक्रिया समाप्ति 27 जनवरी 2024 तक प्रभावशील रहेगा। कलेक्टर श्री सिंह द्वारा जारी आदेश अनुसार निर्वाचन संबंधी ग्राम पंचायतों तथा वार्डों के लिये आम सभा जुलूस में एवं प्रचार कार्य के लिए लगे वाहनों तथा उन पर लगे लाउड स्पीकर तथा ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग की अनुमति, संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी (राजस्व) से प्राप्त कर सुबह 06.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक किया जा सकेगा।

## विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए 8 जनवरी तक करें आवेदन

**सीहोर।** जनजातीय कार्य विभाग के विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिये ऑनलाइन आवेदन 06 दिसंबर से भरेजाने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। आवेदन की अंतिम तारीख 8 जनवरी 2024 (शाम 5 बजे तक) है। परीक्षा प्रवेश-पत्र 29 जनवरी को सुबह 10 बजे से डाउनलोड किये जा सकेंगे। परीक्षा 11 फरवरी 2024 को सुबह 10 से 12 बजे तक होगी।

कक्षा 5वीं में अध्ययनरत जनजाति वर्ग, विशिष्ट पिछड़ी जनजाति (बैगा, भारिया या सहरिया), विमुक्त जनजातियाँ, घुमक्कड़ एवं अर्ध घुमक्कड़ समुदाय (DNT/NT/SNT) के अलावा वे बच्चे,जिन्होंने अपने माता-पिता को वामपंथी उग्रवाद/उग्रवाद/कोविड आदि के कारण खो दिया है तथा विधवा की संतान, दिव्यांग माता-पिता की संतान, अनाथ या भूमिदाता (जिन्होंने विद्यालय भवन के निर्माण के लिए भूमि दान की हो) वर्ग के विद्यार्थी विभागीय वेबसाइट https://www.tribal.mp.gov.in/MPTAAS के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।मेरिट सूची में चयनित होने एवं न्यूनतम योग्यता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी अपने विकल्प के अनुसार विद्यालयों में रिक्त सीट के विरूद्ध चयन के लिए पात्र होंगे। विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में प्रवेश परीक्षा, विस्तृत गाइड लाइन एवं विद्यालयों की सूची तथा रिक्त सीटों के विवरण संबंधी विस्तृत जानकारी वेबसाइट https://www.tribal.mp.gov.in पर उपलब्ध है।

## विद्यार्थी के जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए आत्मविश्वास का होना जरूरी: महेन्द्र आयन्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सीहोर द्वारा दो दिवसीय जिला स्तरीय क्रिकेट पुरुष प्रतियोगिता का समापन हुआ। जिसमें प्राचार्य डॉक्टर महेंद्रआयन्यास ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि विद्यार्थी के जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए आत्मविश्वास का होना जरूरी है।

इसी क्रम में जन भागीदारी सदस्य अनूप चौधरी ने खिलाडिय़ों का उत्साहवर्धन किया। पीजी कॉलेज सीहोर के क्रीड़ा अधिकारी अंकित यादव ने बताया कि जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सीहोर और शासकीय महाविद्यालय भेरूंदा के बीच खेला गया। जिसमें चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीहोर की टीम विजेता रही और शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नसरुल्लागंज भेरूंदा उपविजेता रही।

आयोजन समिति के द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम का मंच संचालन डॉक्टर कैलाश विश्वकर्मा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ने किया और डॉक्टर मनोज कुमार शर्मा ने आभार प्रकट किया। आयोजन के दौरान पीजी महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग के विद्यार्थी एवम एनएसएस स्वयंसेवक आदि भी उपस्थित रहे।

## नए मोटर व्हीकल एक्ट को लेकर ट्रक ड्राइवर संगठन ने दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी



नए मोटर व्हीकल एक्ट में ड्राइवर को 10 साल की सजा एवं 5 लाख रुपए के अर्थ दंड से दंडित किए जाने वाले नए कानून के विरोध में ट्रक ड्राइवर संगठन ने एसडीएम को ज्ञापन सोपा है। जिसमें मांग की गई है कि ऐसा कानून लाया जाना गलत है। पहले ही ट्रक ड्राइवरों के साथ ज्यादती होती आ रही है। अब यह नया कानून ट्रक ड्राइवरों के हित में नहीं है। पूर्व से ही बिना किसी ट्रेनिंग के नागरिकों को ड्राइविंग लाइसेंस दे दिया जाता है जिसके परिणाम दुखद होते हैं। इसका भुगतान ट्रक ड्राइवर को भुगतना पड़ता है। वहीं सड़कों के हालात ठीक नहीं है। राष्ट्रीय राजमार्गों को गांव की सड़कों से कहीं भी जोड़ दिया जाता है और सड़क पर मार्किंग नहीं की जाती जिससे हादसे होते हैं। सड़क पर बाइक और कार से स्टंट किए जाते हैं। नई गाड़ियों से लोग सड़क पर ड्राइविंग सिखते हैं, जिससे सड़क दुर्घटना में बढ़ोतरी होती है। ट्रक ड्राइवरों से अवैध वसूली करने के लिए उनका पीछा किया जाता है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर अतिक्रमण कर बाधा उत्पन्न की जाती है। ट्रांसपोर्टर ट्रक को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए समय निश्चित करते हैं। इससे भी सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है। ट्रक मालिकों द्वारा ड्राइवर को कम पैसे दिए जाते हैं, जिससे उनके परिवार का गुजारा नहीं होता है और वह मानसिक तनाव में रहते हैं। ऐसी ही अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

## रबी फसलों के बीमा का आज अंतिम दिन

**सीहोर।** कृषि विभाग ने बताया कि जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत में एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड के माध्यम से कृषकों को फसल बीमा योजना का लाभ दिया जा रहा है। कृषक भाईयों को सूचित किया गया है कि योजनांतर्गत रबी 2023 के लिये सभी ऋणी, अऋणी, डिफाल्टर, बटाईदार किसानों के लिये बीमा की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2023 है। जिला स्तर पर जिन फसलों को अधिसूचित किया गया है उनके प्रीमियम एवं बीमित राशि प्रति हेक्टेयर अनुसार दर निर्धारित की गई हैं। गेहूं सिंचित के लिए 765 प्रति हेक्टेयर, गेहूं असिंचित के लिए 540 प्रतिहेक्टेयर, चना के लिए 514.50 प्रतिहेक्टेयर एवं राई, सरसों के लिए 450 प्रति हेक्टेयर दर निर्धारित है। ऋणी किसानों का फसल बीमा संबंधित बैंक शाखा द्वारा अनिवार्य रूप से करा दिया जाता है एवं आऋणी कृषक फसल बीमा के लिए बैंक, एमपी ऑनलाइन, जनसेवा केन्द्र सीएससी के माध्यम से अपनी फसलों का बीमा करा सकते हैं। किसानों को बीमा कराने के लिए अनिवार्य दस्तावेज आधार कार्ड नवीनतम, मोबाइल नम्बर, बैंक पासबुक जिसमें किसान का नाम, खाता संख्या, आईएफएससी कोड स्पष्ट हो, खसरा-बी-1 नवीनतम, खसरा अनुसार बोई गई फसल का प्रमाणित बुआई प्रमाण पत्र, किरायेदार किसान के लिए किरायानाम का शपथ पत्र होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की प्राकृतिक आपदा होने पर 72 घंटे के अंदर कृषक सीधे अथवा अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के माध्यम से टोल फ्री नम्बर 18002337115 पर नुकसानी की जानकारी दे सकते है।

### मछली पालन के साथ झींगा पालन पर जोर

**सीहोर।** मछली पालन के साथ झींगा पालन को भी बढ़ावा देने का प्रयास कियो जा रहा है। झींगा पालन से रोजगार के साथ लोगों की आय में भी वृद्धि होगी। झींगा पकड़ने के लिए 35 रुपए प्रति किलो मिलने वाली मजदूरी को बढ़ाकर अब 50 रूपये किया जाएगा। इससे झींगा व्यवसाय से जुड़े मजदूरों को लाभ पहुंचेगा। झींगा पालन को बढ़ावा देने के साथ ही योजना में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने और योजना का लाभ देने के निर्देश दिए।

मछुआ समाज के लिये चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँचे, इसके लिये सभी अधिकारी मछुआ समितियों के सदस्यों से संवाद करें और निष्क्रिय समितियों की मान्यता समाप्त की जाए। निष्क्रिय समितियों को भंग कर पुनः नई समिति का गठन करें, जिससे मत्स्य उत्पादन से जुड़े लोगों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके। समितियों के बेहतर संचालन के लिए संचालक मंडल को जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनको निष्क्रिय समितियों की जाँच कर भंग करने और नई समिति के गठन के लिए निर्देशित किया गया है। जल्द ही पूरे प्रदेश में निष्क्रिय समितियों की जगह नयी समितियों का गठन कर लिया जाएगा।

## सीहोर में चल रही फुटबाल लीग प्रतियोगिता



**सीहोर।** जिला फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वाधान में चल रही फुटबॉल लीग प्रतियोगिता के 9 दिन सीहोर वॉइस एवं इछावर के बीच खेला गया दोनों ही टीमों ने धुआंधार खेल का प्रदर्शन करते हुए सीहोर वॉइस की ओर से अनमोल ने दो खिलाड़ियों को डांस कर शानदार गोल धागा उसके पश्चात सी और बॉयज की ओर से ग्राउंड गेम खेलते हुए तरुण ने बॉक्स के ऊपर से जबरदस्त सूट कर दो जीरो से बढ़त ली तीसरा गोल इछावर की ओर से नावेद ने गोल किया इछावर की ओर से लारा ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया सीहोर बॉयज की ओर से तीसरा गोल श्रेष्ठ झा बोल कर तीन गोल से अपनी टीम को विजय दिलाई दूसरा मैच पुलिस वॉइस एवं आस्था आयरन के बीच खेला गया पाद्यंत्र तक दोनों ही टाइम ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया प्रतियोगिता के दसवें दिन ग्राउंड एवं टीमों को रेस्ट दिया गया है मध्य प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन एवं इंडिया फेडरेशन के निर्देश अनुसार 2024 में जो खिलाड़ी मध्य प्रदेश में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता एवं ओपन प्रतियोगिता के लिए अपना रजिस्ट्रेशन रिन्यू करना है प्रत्येक खिलाड़ी यो के टीम से विपिन पवार को अपने दस्तावेज जन्म प्रमाण पत्र आधार कार्ड एवं अंक सूची देकर अपना रजिस्ट्रेशन कराएं।

### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के तत्वावधान में आयोजन

# चरित्रवान युवा समाज और देश की नीव है: भगवान भाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



भौतिक शिक्षा से हम रोजगार प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन परिवार, समाज, कार्यस्थल में परेशानी या चुनौती का मुकाबला नहीं कर सकते है। युवा उच्च शिक्षा प्राप्त करके डॉक्टर, इंजीनियर बनकर धनोपार्जन कर सुख-सुविधा युक्त जीवन निर्वाह करना चाहते हैं, परंतु जब उनका उद्देश्य पूर्ण नहीं हो पाता। नैतिक शिक्षा से युवाओं को नई दिशा मिल सकती है। भौतिक शिक्षा से भौतिकता का विकास होगा और नैतिक शिक्षा से सर्वागिंण विकास होगा। उक्त उदगार माउंट आबू राजस्थान से पधारे हुए बी के भगवान भाई ने कहे। वह शहर के चंद्रशेखर आजाद शासकीय महाविद्यालय के युवाओ को सकारात्मक चिंतन और नैतिक शिक्षा से सशक्त युवा विषय पर बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि भौतिक शिक्षा से भौतिकता का विकास होगा और नैतिक शिक्षा से सर्वागिंण विकास होगा। नैतिक शिक्षा से ही हम अपने व्यक्तित्व का निर्माण करते है जो आगे चलकर कठिन परिस्थितियों का सामना करने का आत्मविवेक व आत्मबल प्रदान करता है। उन्होंने कहा की नैतिकता के अंग हैं। सच बोलना, चोरी न करना, अहिंसा, दूसरों के प्रति उदारता, शिष्टता, विनम्रता, सुशीलता आदि। नैतिक शिक्षा के अभाव के कारण ही आज जगत में अनुशासनहीनता, अपराध, नशा-व्यसन, क्रोध,झगड़े आपसी मन मुटाव बढ़ता जा रहा। भगवान भाई ने कहा की नैतिक मूल्यों से व्यक्तित्व में निखार, व्यवहार में सुधार आता है। नैतिक मूल्यों का ह्रास व्यक्तिगत, सामाजिक, राष्ट्रीय समस्या का मूल कारण है। समाज सुधार के लिए नैतिक मूल्य जरूरी है। उन्होंने कहा कि नैतिक शिक्षा की धारणा से, आंतरिक सशक्तीकरण से इच्छाओं को कम कर भौतिकवाद की आंधी से बचा जा सकता है। व्यक्ति का आचरण उसकी जुबान से ज्यादा तेज बोलता है। चरित्रवान, गुणवान युवा समाज और देश की नीव है।

**हमारे जीवन में श्रेष्ठ मूल्य है तो दूसरे उससे प्रमाणित होते है** : उन्होंने कहा कि हमारे जीवन में श्रेष्ठ मूल्य है तो दूसरे उससे प्रमाणित होते हैं। जीवन में नैतिक मूल्य होंगे तो आदमी लालच, हिंसा, झूठ, कपट का विरोध करेगा और समाज में परिवर्तन आएगा। उन्होंने कहा नैतिकता से मनोबल कम होता है। उनहोंने कहा कि मूल्यों की शिक्षा से ही हम जीवन में विपरीत परिस्थिति का सामना कर सकते हैं। जब तक हम अपने जीवन में मूल्यों और प्राथमिकता का निर्धारण नहीं करेंगे, अपने लिए आचार संहिता नहीं बनाएंगे तब तक हम चुनौतियों का मुकाबला नहीं कर सकते। स्थानीय ब्रह्माकुमारीज सेवाकेंद्र की संचालिका बी के पंचशिला बहनजी ने कहा कि नैतिक गुणों के बल पर ही मनुष्य वंदनीय बनता है। सारी दुनिया में नैतिकता अर्थात सच्चरित्रता के बल पर ही धन-दौलत, सुख और वैभव की नींव खड़ी है। उन्होंने बताया कि जब तक जीवन में आध्यात्मिकता नही है तब तक जीवन में नैतिकता नही आती है। स्थानीय ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र की राजयोग शिक्षिका बीके संतोष बहन ने ब्रह्माकुमारी सस्था का परिचय भी दिया। प्रिंसिपल डॉ महेंद्र ने कहा नैतिक शिक्षा से ही छात्र-छात्राओं में सशक्तिकरण आ सकता है।

## ऑनलाइन पेमेंट, जन्म-मृत्यु सर्टिफिकेट सहित अन्य सभी ऑनलाइन सेवाएं पड़ी ठप

# जिले के 14 ही निकायों में ई-नगर पालिका पोर्टल 10 दिनों से ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

**नगरीय विकास एवं आवास विभाग का प्रादेषिक पोर्टल (ई-नगर पालिको) बीते दिनों हैकर्स द्वारा हैक कर लिया गया था। ऐसे में करीब 10 दिनों से राजगढ़ जिले के सभी 14 निकायों में सभी तरह की ऑनलाईन सुविधाएं पूरी तरह ठप्प पड़ी हुई हैं।**

छोटे-बड़े किसी भी तरह के भुगतान भी बीते 10 दिनों से अटके हुए हैं। हैक हुए पोर्टल को विभाग द्वारा जल्द ही रिकवरी करने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन अभी तक इसमें सफलता नहीं मिली है। ऐसे में राजगढ़, ब्यावरा, नरसिंहगढ़, सारंगपुर सहित सभी नौ नगर परिषदों में ऑनलाईन भुगतान, जन्म-मृत्यु सर्टिफिकेट सहित सभी तरह की ऑनलाईन सेवाएं ठप्प पड़ी हुई हैं। प्रदेष स्तर से इस तकनीकी समस्या को दूर करने में टैक्नीकल एक्सपर्ट लगे हुए हैं पर अभी तक ऑनलाईन सुविधाएं बहाल नहीं हो पाई हैं। ऑनलाईन कार्य बंद होने से जो काम ऑफलाईन हो जाया करते हैं उन्हें तो निकायों द्वारा पूर्ण किया जा रहा है लेकिन पेमेंट सिस्टम इससे अछूता है।

### दफ्तरों से वापस लौट रहे आम जन

निकायों के समस्त कार्य ऑनलाईन हो जाने से कई ऐसे काम हैं जो ऑफलाईन नहीं हो सकते हैं। ऐसे में निकायों के दफ्तर पहुंचने वाले आमजनों को कुछ दिन में समस्या ठीक होने का कहकर खाली लौटाया जा रहा है।

### सभी तरह का डेटा सुरक्षित

आपको बतादें कि विभागीय पोर्टल किसी तकनीकी समस्या की वजह से फेल नहीं है बल्कि अज्ञात हैकर्स के कब्जे में है। नागरिकों से जुड़ा कई तरह का डेटा ई-नगर पालिका पोर्टल पर दर्ज है। हैकर्स इसे भी निशाना बना सकते थे लेकिन अधिकारियों का कहना है कि सभी डेटा सर्वर में सुरक्षित है।

### रिकवरी होने की उम्मीद है

21 दिसंबर को प्रदेश स्तर से ही यह समस्या आई है। भोपाल स्तर पर तकनीकी एक्सपर्ट समस्या सुलझाने में लगे हैं। निकायों में जो कार्य ऑफलाईन हो सकते हैं वे किए जा रहे हैं। जल्द ही पोर्टल रिकवरी होने की उम्मीद है।

**आरएस साहू**, पीओ, डूडा, राजगढ़

### पेमेंट ऑफलाइन जमा हो रहे लेकिन ऑनलाइन एंट्री नहीं

निकायों में जलकर, संपत्तिकर सहित अन्य तरह के पेमेंट ऑफलाईन तो जमा किए जा रहे हैं लेकिन वे ऑनलाईन दर्ज नहीं हो पा रहे हैं। कर्मचारियों से इन भुगतानों के लिए ऑफलाईन रसीद कट्टों से रसीदें काटकर आमजनों को प्रदाय की जा रही हैं। अधिकारियों का कहना है कि जैसे ही पोर्टल रिकवर हो जाएगा कर्मचारियों द्वारा ऑफलाईन की जा रही एंट्रियों को ऑनलाईन फीड कर दिया जाएगा।

## 13 मौतों के बाद जागे विभाग के जिम्मेदार दनादन चल रही वाहनों की चेकिंग की

### सभी यात्री बसों में मिल रही कुछ न कुछ खामियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़-ब्यावरा



दो दिन पूर्व गुना में हुए हृदय विदारक हादसे में 13 यात्री एक बस में जलकर खाक हो गए थे। इन मौतों के बाद अब कहीं जाकर परिवहन और टैफिक पुलिस एलर्ट मोड पर आई है। जिले से निकले हाईवे सहित अन्य मार्गों पर तेजी से यात्री बसों सहित अन्य यात्री वाहनों की चेकिंग चल रही है।

गुरुवार को कई कंडम, खटारा और बगैर परमिट और फिटनेस के सड़कों पर दौड़ रही बसों पर कार्रवाई के बाद शुक्रवार को भी परिवहन विभाग पूरे दिन कार्रवाई करता नजर आया। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ज्ञानेंद्र वैष्य सहित विभाग के अन्य अधिकारियों की टीम ने हाईवे पर दौड़ रही बसों को रुकवाते हुए उनके कागजात, फिटनेस आदि चेक किए। इसके साथ ही ओवर लोडिंग व यात्री बसों में रहने वाली अन्य आवष्यक सेवाओं को जांचा। अकेले ब्यावरा क्षेत्र में डेढ़ दर्जन से अधिक यात्री बसों में कुछ न कुछ कमियां मिलने पर उन पर चालानी कार्रवाई की गई। अब तक विभाग ने बिना परमिट सड़कों पर दौड़ रहीं चार यात्री बसों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें थाने में खड़ा करवाया है।

### टैफ्रिक पुलिस भी दिखी मुस्तैद

परिवहन विभाग के साथ ही जिले की टैफिक पुलिस भी दो दिन से मुस्तैदी के साथ यात्री वाहनों की चेकिंग में लगी हुई है। राजगढ-खिलचीपुर के बीच एनएच-52 पर जालपाजी रोड पर टैफिक पुलिस द्वारा कई यात्री बसों व अन्य वाहनों को चेक किया गया एवं चालानी कार्रवाई की गई।

## खुद के बेटे ने ही ऐसा मारा की 15 दिन में ठीक हो पाई वृद्धा



**राजगढ़।** शहर के कालाखेत निवासी एक बेटे ने ही अपनी मां के साथ बेइंतहा मारपीट की। इस मारपीट में घायल हुई बुजुर्ग महिला बीते 15 दिनों से जिला अस्पताल में भर्ती रही। अब कहीं जाकर ठीक होने पर वृद्ध महिला को उसकी बेटी शुक्रवार को घर लेकर गई। मारपीट के संबंध में बुजुर्ग महिला की बेटी ने कोतवाली थाने में भी शिकायत की हुई है। जानकारी के अनुसार कालाखेत निवासी भूलीबाई पत्नी कनीराम वर्मा उम्र 65 साल के साथ उनके ही बेटे बीरम ने 15 दिनों पहले जमकर मारपीट की। मारपीट में भूलीबाई के पैर में जमकर चोंट आई। भूलीबाई की बेटी रजनी ने बताया कि उसका भाई घर बेचना चाह रहा है लेकिन भूलीबाई ने मना कर दिया जिसके चलते बीरम ने मां और बहन दोनों से ही मारपीट की है। कई दिन अस्पताल में ईलाज कराने के बाद शुक्रवार को रजनी अपनी मां को लेकर घर के लिए रवाना हुई।

## दो कॉलेजों के समीप फेंके जा रहे काटे गए जानवरों के अवशेष

### बदबू से राहगीरों का निकलना हुआ दुश्वार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



कई गांवों को जोड़ने वाले बगा रोड पर इन दिनों काटे गए पाड़ों आदि जानवरों के अवषेष फेंके जा रहे हैं। जानवरों के काटने के बाद निकलने वाले अवषेषों को यूं ही आमरोड पर फेंके जाने से राहगीरों का निकलना तक दुष्वार हो रहा है। बगा रोड की जिस सड़क पर इन अवषेषों को फेंका जा रहा है उसके समीप ही एसपी कार्यालय के पीछे व्यवसायिक महाविद्यालय एवं आदर्ष महाविद्यालय भी हैं।

महाविद्यालयों में आने वाले छात्रों सहित बगा रोड के आगे के अन्य गांवों में जाने वाले लोगों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से काटे गए जानवरों के अवषेषों को यहां फेंका जाने लगा है। अवषेषों से इतनी अधिक बदबू निकल रही है कि मुंह पर बगैर कपड़ा लगाए रोड से निकला तक नहीं जा सकता। राहगीरों ने स्थानीय प्रषासन से मांग की है कि जानवरों के अवषेषों को आम रोड पर फेंकने वालों पर कार्रवाई की जाए ताकि आगे से वे ऐसा न करें।

## नववर्ष के स्वागत में आयोजित हो रहीं सांस्कृतिक गतिविधियां



**राजगढ़।** साल 2023 अलविदा कहने वाला है वहीं नववर्ष 2024 के स्वागत में विभिन्न स्कूलों में रंगारंग एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में स्थानीय केके मेमोरियल स्कूल में 24वें वार्षिक सांस्कृतिक एवं खेलकूद का आयोजन शुरू हुआ है। संस्था डायरेक्टर राका शर्मा द्वारा पूजन-अर्चन उपरान्त सांस्कृतिक कार्यक्रम आरंभ किए गए। यहां आयोजित 25 से अधिक प्रतियोगिताओं में शाला के 200 से ज्यादा बच्चों ने भाग लिया। शुभारंभ पर मुख्य अतिथि ने कहा कि इस तरह की गतिविधियां सभी स्कूलों में आयोजित होनी चाहिए ताकि बच्चों के अंदर छिपी हुईं प्रतिभाएं और कलाकार बाहर आ सकें। तीन दिवसीय प्रतियोगिताओं की कड़ी में फैंसी डेस, एकल गायन, अंग्रेजी एवं हिंदी शुद्ध लेखन एवं चेयर रेस प्रतियोगिता आयोजित हुई। फैंसी डेस में बच्चों ने वन्य जीवों, महापुरुषों, वैज्ञानिकों सहित अन्य केरेक्टरों से अपनी प्रतिभा का प्रदर्षन किया। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य तेजेंद्र उपाध्याय, रिंकू विजय, ज्योति विजयर्गीय, रानी यादव, अलीषा खान, षिविका साहू, रक्षा पुष्पद, पूजा वर्मा, पूजा चैहान, अर्पित साहू आदि उपस्थित थे।

## एनएच-52 से सेतु ब्रिज तक कायाकल्प योजना से हो रहा का सड़क निर्माण

### ठेकेदार द्वारा मानकों का किया जा रहा उल्लंघन, अतिक्रमण न हटाते हुए सीधे रोड को किया घुमावदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

शासन द्वारा नगरों के कायाकल्प तथा सौंदर्य करण को लेकर राशि प्रदान की गई है। इसी प्रकार नगर परिषद खिलचीपुर में भी 44 लाख रुपये की राशि एनएच-52 से सेतु ब्रिज सोमवारिया सड़क निर्माण हेतु दी गई है। प्रशासनिक प्रकिया टेंडर आदि के बाद सड़क निर्माण कार्य चल रहा है, जिसमें इंजीनियर की निष्क्रियता के चलते ठेकेदार द्वारा मनमानी कर घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है।वही रोड़ को सीधा नहीं करते हुये घुमावदार बनाया जाकर सीधा-सीधा अतिक्रमण कारियों को लाभ दिया जा रहा है, नगरीय प्रशासन चुप्पी साधे बैठा है जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ेगा।

### स्टीमेट अनुसार ऐसे होना है सड़क निर्माण

नगरी निकाय के अंतर्गत चल रहे एन एच -52 से सोमवारिया के सेतु ब्रिज पुलिया तक 490 मीटर का 12.5 मीटर चैड़ा कायाकल्प सड़क निर्माण कार्य जिसकी लागत 44 लाख रुपये है।वर्तमान रोड के सेंटर में 1 मीटर बीचों बीच पेड़ -पौधो को लगाने की जगह डिवाइडर बनाना है। वही डिवाइडर से दोनों तरफ 5-5 मीटर रोड पर डामरीकरण होना है। बची शेष 1.5 मीटर जगह में नाली निर्माण कार्य के लिये जगह छोड़ना है। लेकिन नगरी निकाय के इंजीनियर के अनदेखी के चलते रोड को मापदंड अनुसार नहीं बनाते हुये घुमावदार बनाया जा रहा है वही ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग कर निर्माण किया जा रहा है । अब देखना यह है कि नगरी निकाय चल रहे घटिया निर्माण को रोकेगी या फिर ऐसे ही चुप्पी साधे बैठी रहेगी।



### डिवाइडर अभी पूरे बने नहीं ओर हो गये जर्जर

न.प. इंजीनियर की अनदेखी के चलते अभी रोड के शुरुआती काम में अभी-अभी डिवाइडर का निर्माण हुआ है, जिसमें घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है इस कारण बनने के साथ ही डिवाइडर में दरारें पड़ गई है यह तक कहीं -कही तो टूट भी गया है।

#### निगरानी में हो रहा काम

नगर परिषद की निगरानी में काम चल रहा है, वो जैसा कह रहे हैं हम वैसा कर रहे हैं, यदि गलत है तो तुड़वाएं।

संजय सक्सेना,
ठेकेदार महादेव पावर्स सीहोर

#### मैं दिखवाता हूं

दिखवाता हूं में, यदि घटिया सामग्री लगाई है तो रिपेयर करवायेंगे नहीं तो तुड़वाकर नयी बनवाई जावेगी वही ठेकेदार को नोटिस देंगे।

**अमृतलाल बघेला**, इंजीनियर नप खिलचीपुर

#### सुधार किया जाएगा

उपयंत्री को भेज कर दिखाता हू, जो स्टीमेट में है वैसे काम चल रहा होगा आदि नही तो सुधार किया जाएगा।

**अशोक पांचाल**
नप सीएमओ खिलचीपुर

## पेंशनर संघ के अध्यक्ष बने पुष्पद

## पेंशनर संघ ने किया विधायक हजारीलाल दांगी का सम्मान



**जीरापुर।** मध्य प्रदेश पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा जीरापुर के द्वारा नवनिर्वाचित विधायक हजारीलाल दांगी का सम्मान किया। इस दौरान पेंशनर पेंशनरों ने पुष्प हार दुपट्टा साफा पहनाकर कर स्वागत सम्मान किया। जहां पर प्रमुख रूप से पेंशनर संघ अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद ,बापू लाल मेवाड़े, दिनेश नागर , बिहारी लाल वैष्णव,रमेश चंद चैरसिया , मांगीलाल अहिरवार, फरीद कुरैशी ,जेसी गुप्ता ,घनश्याम तिवारी, भेरूलाल गुप्ता, रामप्रसाद जोशी ,जमनालाल वर्मा ,केएल वाल सहित अन्य पेंशनर उपस्थित रहे। इसी दौरान पेंशनर संघ के तहसील अध्यक्ष पद पर सर्वमान्य निर्विरोध अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद को मानोनित किये। समस्त पेंशनरों ने उन्हें बधाई दी। पेंशनर संघ अध्यक्ष पुष्पद को दायित्व देते हुए संगठन को और मजबूती प्रदान करने एवं संगठन की प्रत्येक गतिविधियों को समय-समय पर संचालित करते हुए संगठन को ऊंचाइयां देने की अपेक्षाएं की! पुष्पद हमेशा सामाजिक धार्मिक क्षेत्र में अपनी सहभागिता निभाते आ रहे हैं।

## प्रजापिता ब्रहमाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में मनाया गया आठवां पुण्य स्मृति दिवस



**ब्यावरा।** परम श्रद्धेय आदरणीय ओम प्रकाश भाई की आठवीं पुण्य स्मृति दिवस मनाया गया । जिसमें सेवाकेंद्र कि संचालिका ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी , देव दीदी , अनीता दीदी श्रद्धेय भाई जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप जलाया गया। तथा ईश्वरीय परिवार के भाई-बहनों के द्वारा पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई । आध्यात्मिक जगत की महान विभूति परम तेजस्वी ब्रह्माकुमारीज के मीडिया प्रभाग के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष इंदौर जोन के संस्थापक एवं क्षेत्रीय निर्देशक रहे । राजयोगी ब्रह्माकुमार ओम प्रकाश भाई जी ने अनेक आत्माओं की जीवन को श्रेष्ठता की ओर ले जाने वाले दृढ़ संकल्प की धनी तपस्वी भाई जिनके द्वारा अनेक प्रेरणा लेकर जीवन को धन्य बनाए । भाई जी के अंदर विनम्रता , आत्मविश्वास जैसे अनेक विशेषताएं रग रग में समाई थी उनका जीवन एक प्रेरणा सच था जिनके द्वारा अनेक कन्याओं ने परमात्मा ज्ञान को जीवन में धारण कर उदाहरण मूर्ति बनी।

## चाचा की छेड़खानी से तंग आकर छात्रा ने खाया जहर

**विदिशा।** गर्ल्स कॉलेज में पढ़ने वाली 18 वर्षीय एक छात्रा कॉलेज गेट पर जहरीली दवा खाकर गिर गई। अन्य छात्राओं और कर्मचारियों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। छात्रा के पास एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने अपने चाचा के ऊपर छेड़खानी का आरोप लगाया है। छात्रा बीए फर्स्ट ईयर की छात्रा है। ग्यारसपुर थाना क्षेत्र के एक ग्रामीण इलाके से वह विदिशा जिला गर्ल्स कॉलेज में पढ़ाई कर रही थी। घटना की जानकारी लगते ही गर्ल्स कॉलेज की प्राचार्य नीता पांडे भी अस्पताल पहुंची। उन्होंने छात्रा की तबीयत की जानकारी ली और परिजनों को उसकी हालत के बारे में बताया। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली थाना प्रभारी आशुतोष सिंह राजपूत मौके पर पहुंचे और छात्रा का बयान दर्ज किया। पुलिस ने सुसाइड नोट को जब्त कर लिया है। टीआई आशुतोष सिंह राजपूत ने बताया कि छात्रा ने कॉलेज परिसर में चूहा मार दवा खा ली थी।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत ग्राम पंचायत खाटसुर में शिविर का किया आयोजन

# थैलेसीमिया रोगी की हर संभव मदद की जाएगी : कलेक्टर कन्याल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल

विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत शनिवार को जनपद पंचायत शुजालपुर की ग्राम पंचायत खाटसुर में शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित व कन्या पूजन कर अतिथियों द्वारा किया गया। इसके बाद विधायक घनश्याम चंद्रवंशी एवं कलेक्टर किशोर कन्याल द्वारा शहीद दिनेश कलमोदिया के स्मारक पर माल्यार्पण भी किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर कन्याल ने कहा कि जिला प्रशासन शाजापुर द्वारा भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी एवं सालिगराम सेवा न्यास के संयुक्त तत्वावधान में पूर्व में शुजालपुर में थैलेसीमिया, ब्लड कैंसर व खून संबंधित रोगी बच्चों एवं हृदयरोगी बच्चों के लिए निःशुल्क ओपीडी व एचएलए जांच शिविर अयोजित किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में देश भर से बच्चें एवं उनके परिजन आये थे। उन्होंने कहा कि थैलेसीमिया एक गंभीर बीमारी है तथा इसके इलाज में लगभग 25 लाख रुपए का खर्च आता है। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा जिला प्रशासन एवं भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी




शाजापुर के माध्यम से शाजापुर जिले के थैलेसीमिया रोग के मरीजों को 2 लाख रुपए तक की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की गई थी, जिसे थैलेसीमिया रोगी को प्रदान की जा रही है। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि यदि शाजापुर जिले का कोई बच्चा इस बीमारी से ग्रसित हो तो वह उसके बारे में उन्हें बता सकते हैं। जिला प्रशासन शाजापुर द्वारा



उसकी सभी प्रकार से मदद की जाएगी। इस दौरान



उन्होंने सभी पात्र हितग्राहियों से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए भी कहा। साथ ही उपस्थित किसानों एवं ग्रामिणों से नरवाई नही जलाने के लिए भी कहा।

इस दौरान विधायक चंद्रवंशी ने भी संबोधित किया। इसके उपरांत अतिथियों ने लाड़ली लक्ष्मी योजना अंतर्गत लाभार्थियों को पुरस्कार, मेरी कहानी मेरी जबानी अंतर्गत पांच व्यक्तियों ने सफलता की कहानी सुनाई, इन्हें प्रशंसा पत्र भी दिए। साथ ही लाड़ली बहनों को प्रशंसा पत्र दिए एवं उज्ज्वल अंतर्गत लाभार्थियों को लाभ दिया गया। इस मौके पर ग्रामीणजनों की समस्या संबंधी आवेदन भी प्राप्त किए गए। साथ ही अतिथियों द्वारा ग्रामीजनों को विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ भी दिलाई गई।


**खबर संक्षेप**

## एयरफोर्स में एयरमेन के पद पर नितिन का चयन



**आष्टा।** कानराखेड़ी में किसान पुत्र डॉ हरी सिंह मेवाड़ा के सुपुत्र नितिन मेवाडा का इंडियन एयरफोर्स में एयर मेन के पद पर चयन होने पर ग्रामीण जनो ने पुष्प मालाओं से स्वागत कर डोल डीजे के साथ कर्नाटक बेलगांव के लिए सभी परिवारजन व ग्रामीणजनों ने ट्रेनिंग के लिए रवाना किया। दिग्विजय राजपूत ने बताया कि पहले से ही हमारे गांव के 5 युवा भारतीय सेना में है अब लगातार जो एक देश प्रेम के लिए हमारे गांव के युवाओं को लगन लगी है वह सराहनीय है में उन सभी युवाओ को बधाई देता हूं एक सप्ताह में दो सगे भाइयों के दोनों बेटे एयरफोर्स में गए हमारे ग्राम कानरा खेडी का नाम रोशन किया। इसी मौके पर स्वागत करने वालों में पूर्व सरपंच दिग्विजय सिंह राजपूत, अजब पटेल, दिलीप पटेल, जगदीश द्रविड़, रामचरण दावरिया, बंसी बांबे, कृपाल मेवाडा, संतोष मेवाडा, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि गजराज मेवाड़ा, दिनेश मेवाडा, सुजान मेवाड़ा, शांतिलाल मेवाडा, मनोहर, धीरप मेवाड़ा, चांद सिंह, महेश मेवाड़ा, विनोद मेवाड़ा, तेज सिंह, बनेसिंह, अनिल, हरी टेलर मेवाड़ा, कृपाल मालवीय आदि लोग उपस्थित हुए।

## नववर्ष पर होगा प्रभुप्रेमी संघ का मासिक सत्संग



**आष्टा।** नगर के प्रभुप्रेमी संघ का मासिक सत्संग सोमवार को नव वर्ष की स्वागत बेला में वरिष्ठ समाज सेवी कोक सिंह पटवारी के अलीपुर स्थित आवास पर आयोजित किया गया है। श्रृंखला को निरन्तर रखने में प्रसिद्ध भजन गायक राम श्रीवादी और उनकी संगीत मंडली के साथ ही इसके संयोजन संचालन में सभी भक्तों की महति भूमिका रही है। प्रभुप्रेमी संघ के अध्यक्ष सुरेश पालीवाल तथा महासचिव प्रदीप प्रगति के अनुसार हरिद्वार स्थित विश्व विख्यात भारत माता मंदिर के प्रमुख तथा सनातन धर्म के ज्येष्ठ आचार्य स्वामी अवधेशानन्द का अनुग्रह और वात्सल्य मिलना हम आष्टा वासियों के लिये सौभाग्य का विषय है। इस बार के मासिक सत्संग के आयोजक कोकसिंह पटवारी तथा जितेंद्र ठाकुर ने सभी नगरवासियों से सोमवार 1 जनवरी को सांय 7 से 9 बजे तक अलीपुर में होने जा रहे सत्संग में शामिल होने का आग्रह किया हैं।

## ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया की दी गई जानकारी

**सीहोर।** शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में सत्र 2024-25 में छात्राओं के प्रवेश के लिए महाविद्यालय स्टॉफ द्वारा कॉलेज चलो अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान विद्यार्थियों को ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही मेजर, माइनर, ओपन इलेक्टिव, वोकेशनल कोर्स एवं प्रोजेक्ट के बारे में विद्यार्थियों को बताया गया। छात्राओं को केरियर मार्गदर्शन योजना, विभिन्न खेलकूद गतिविधियों, एनएसएस एवं युवा उत्सव के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

### समाजसेवी वीरेंद्र राठौर का नगर में जगह-जगह किया गया भव्य स्वागत

# पदयात्रा: 1751 किलोमीटर पैदल चलकर माता वैष्णों देवी धाम तक करेंगे यात्रा

**समाजसेवी वीरेंद्र माता वैष्णो के दर्शन कर देश, प्रदेश और शहर की सुख शांति की करेंगे प्रार्थना।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के मिलनसार व्यक्तित्व के धनी सामाजिक कार्यों में सक्रियता से भूमिका निभाने वाले समाजसेवी वीरेंद्र राठौर पैदल मां वैष्णो देवी के दर्शन करने निकल पड़े। इस दौरान समाजसेवी वीरेंद्र राठौर मां वैष्णो देवी की पैदल यात्रा शुरु करने से पहले अपने माता-पिता का सपत्नी आर्शीवाद लिया। इसके बाद पैदल नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए अपनी यात्रा को शूरू किया और फिर प्राचीन शिव मंदिर पहुंच कर भोले शंकर की पूजा अर्चना कर आगे लिए निकल पड़े। इस दौरान वीरेंद्र राठौर का नगर के प्रमूख मार्गो पर जगह जगह पुष्प माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया। समाजसेवी विरेंद्र राठौर ने जानकारी देते हुए बताया की मां वैष्णो देवी संकल्प यात्रा में माता वैष्णो देवी के पास यह संकल्प लेकर जा रहा हूं मेरे देश मेरे प्रदेश मेरे शहरवासियों को किसी भी प्रकार के कोई तकलीफ कोई परेशानी ना हो और सबको व्यापार व्यवसाय में खुब तरक्की प्राप्त हो। और सभी को धन-धान्य सुख समृद्धि धन वैभव ऐश्वर्य प्राप्त होवहीं विरेंद्र राठौर ने आगे बताया की उज्जैन में 21 बीघा का जमीन खरीदी है।

जिसमे जल्द तीर्थ का निर्माण होगा। और श्री दुर्गादास जी राठौर तीर्थ सहित छात्रावास निर्माण आष्टा में हो 11 करोड़ 51 लाख रुपए का निर्माण का संकल्प मैंने लिया उसके लिए अच्छी जगह जमीन मिल जाए । इन सभी संकल्पों को लेकर में माताजी के चरणों में मां वैष्णो देवी की पैदल यात्रा पर जा रहा हूं । 1751 किलोमीटर की पैदल यात्रा, कई बार कर चुके है वैष्णो देवी के दर्शनमां वैष्णो देवी के पैदल यात्रा पर निकले समाजसेवी वीरेंद्र राठौर मां वैष्णो देवी के परम भक्त है और अनगिनत बार मां वैष्णो देवी के दर्शन कर चुके है लेकीन इस बार करीब 1751 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर मां वैष्णो देवी के दर्शन करेंगे।वहीं विरेंद्र राठौर की पैदल यात्रा जहां जहां पहुंच रही है लोग वहा वहा पुष्प माला से स्वागत सम्मान कर रहे है।इस दौरान आष्टा में गुरुचरण परमार, राय सिंह मेवाड़ा, सुनील सेठी, मनोज सेठी सिद्धांत सेठी सहित सेकडो लोगो ने स्वागत सम्मान किया।





## कथा स्थल का किया नपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने निरीक्षण



**आष्टा।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मालवा माटी के सुप्रसिद्ध संत गोविन्द जाने के मुखारविंद से आयोजित होने वाली श्रीमदभागवत कथा स्थल का निरीक्षण नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने अपने साथी पार्षद रवि शर्मा, सुभाष नामदेव, डॉ मनोज नागर, बंटी मेवाड़ा, कुशलपाल लाला, जितेन्द्र मालवीय, वैभव मेवाड़ा आदि की उपस्थिति मे किया. निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओ का जायजा लेते हुए श्री मेवाड़ा ने कथा समिति सदस्यो को आश्वसत करते हुए कहा कि सात दिवसीय श्रीमद लभागवत कथा के दौरान नगरपालिका सम्बन्धी किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता होने पर नगरपालिका पूरी टीम के साथ तैयार है।

## अपहरण के आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

पुलिस अधीक्षक सीहोर मंयक अवस्थी के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग, आकाश अमलकर एस.डी.ओ.पी. के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पार्वती उनि. कृष्ण गोपाल शुक्ला को अपहरण के प्रकऱण में तत्काल अपहर्ता का पता लगाने व आरोपी की गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिये थे। दिशा निर्देश के पालन में थाना पार्वती पुलिस द्वारा अपहर्ता का पता दस्तयाबी व आरोपी की गिरफ्तारी में सफलता प्राप्त की है।

20 दिसंबर को फरियादी हबीब खाँ निवासी पीलीखदान अलीपुर द्वारा थाना पर रिपोर्ट किया था कि उसकी नाबालिग बच्ची को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर ले गया है। रिपोर्ट पर थाना पार्वती में अपराध क्र 495/23 धारा 363 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

पुलिस ने उक्त प्रकरण में विवेचना के दौरन आरोपी व अपहर्ता की पता तलाश हेतु टीम गठीत की गई तथा आरोपी की पता तलाश हेतु मुखबीर मामुर किये किए। तकनिकी अनुसंधान व मुखबीर की सूचना के आधार पर अपहर्ता व संदेही आरोपी की पतारशी हेतु लगातार प्रयासो के आधार पर पता चला की सुल्तानपुर जोड पर अपहर्ता व संदेही साथ में जा रहा है, सूचना पर तत्काल टीम को अपहर्ता व आरोपी की तलाश हेतु रवाना किया। अपहर्ता व आरोपी सुल्तानपुर जोड पर जाते हुए मिलने पर पुलिस टीम द्वारा अपहर्ता को आरोपी के कब्जे से दस्तयाब कर आरोपी तथा प्रकरण के सह आरोपी को अभिरक्षा में लिया गया अपहर्ता को दस्तयाब कर परिजनो को सुपुर्द किया गया है। तथा प्रकरण अन्य सह आरोपी फरार है जिनकी तलाश की जा रही है।

उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी पार्वती उनिकृष्ण गोपाल शुक्ला, सउनि अशोक श्रीवास्तव , प्रआर 50 जगदीश , आर 179 रामबाबु , आर. 433 सोमपाल वर्मा, आर 826 सचिन, मआर.756 रंजना सायबर सेल सीहोर से योगेश भावसार, सुशील शाल्वे, विकास चोरासिया एवं थाना पार्वती पुलिस का सराहनीय योगदान रहा।

# अतिक्रमण करने वाले 60 दुकानदारों से वसूला जुर्माना

**अतिक्रमण हटाओ मुहिम फिर की शुरू**



**आष्टा।** नपा अमले के साथ पुलिस और प्रशसनिक अधिकारी भी रहे मौजूद।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर में बिगड़ी हुई ट्रैफिक व्यवस्थाओं पर पुलिस एवं प्रशासन ने शुक्रवार को फिर ध्यान देकर अतिक्रमण कर मार्ग बाधित करने वाले 60 दुकानदारों पर 40 हजार रुपए का जुर्माना लगाया और उक्त राशि वसूली है ।वहीं दूसरी ओर खुले में मांस एवं अंडे बेचने वाले दुकानदारों को भी चेतावनी दी गई है। उक्त अभियान प्रारंभ करने के पूर्व एसडीएम आनंद सिंह राजावत ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश कुमार सक्सेना को निर्देश दिए कि जब नगर पालिका ने अतिक्रमण हटाओ अमला तैयार कर रखा है तो नित्य इस बात का ध्यान रखा जाए की जिस स्थान पर अतिक्रमण हटाया है वहां पर पुनः अतिक्रमण ना हो, यह अभियान सतत जारी रहना चाहिए।

### नपा अमले ने दुकानदारों को दी चेतावनी

29 दिसंबर शुक्रवार की शाम को जब पुलिस प्रशासन बसों की जांच कराने के पश्चात उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आदेशित किया कि अपने अतिक्रमण हटाओ अमले को भेज कर अपने अधिकारियों को भी साथ में लेकर बस स्टैंड पर आए और पेट्रोल पंप के समीप पोस्टमार्टम रूम के पास अंडे और मांस मटन की दुकानों को देखकर वहां पर शासन के नियमों का पालन करने की बात कहते हुए चेतावनी दी गई। इसके पश्चात अतिक्रमण हटाओ टीम पुराना बस स्टैंड ,पुरानी सब्जी मंडी होते हुए अलीपुर पहुंची। प्रशासन के अमले के साथ अतिक्रमण हटाओ टीम ने 60 व्यापारियों पर जुर्माने की कार्रवाई की है। विदित रहे की नगर में अतिक्रमण की भरमार है और ट्रैफिक व्यवस्था भी बिगड़ी हुई है। राहगीरों को हर रोज ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ता है।

### कार्य योजना तैयार नहीं

नगर में ट्रैफिक जाम होने का प्रमुख कारण नगर में हाकर्स जोन ना होना, बस स्टैंड के अंदर हाट ठेलों की भरमार तथा सड़क किनारे खड़े होने वाली बस व अन्य यात्री वाहन ,कृषि उपज मंडी में अनाज लेकर आने वाले किसानों की ट्रैक्टर - ट्रालियां सड़क किनारे अव्यस्थित खड़ी होती है। लेकिन इन समस्याओं का निराकरण कराए जाने को लेकर ना तो कोई कार्य योजना तैयार की गई है और ना ही कोई प्रभावी प्रयास किए गए हैं। गौरतलब है कि नगर में चाहे बस स्टैंड के अंदर या बाहर हो या फिर पार्वती पुल के समीप पुराना बस स्टैंड की एक साइड हाथ ठेला, गुमटी संचालक ने घेर ली है तो दूसरी तरफ कई ठेला लगा लिए जाते हैं ,ऐसे में वाहनों को निकालने में सड़क पर जगह कम पड़ जाती है। जिससे जाम की स्थिति निर्मित होती है। इस पुराने हाईवे मार्ग पर वाहनों का अधिक आवागमन रहता है।

### हिदायत का असर नहीं

अतिक्रमण और ट्रैफिक जाम की समस्या को ध्यान में रखते हुए एसडीएम आनंद सिंह राजावत, सहायक कलेक्टर अर्पित गुप्ता, एसडीओपी आकाश अमलकर, नगर निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ एवं नगर पालिका का अमला व पुलिस की टीम द्वारा कई बार बाजार में सड़कों पर ठेले और फल लगने वाले कारोबारी को हिदायत दी गई, उसके बाद भी यह लोग सड़कों पर ठेले और फड लगाकर कारोबार कर अतिक्रमण करने से बाज नहीं आ रहे हैं।

## सरस्वती शिशु मंदिर में बालरंग महोत्सव संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर




स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर उ.मा.वि.जावर में कक्षा अरुण से लेकर पांचवी तक के भैया बहनों का रंगमंचीय कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अवनीश सोनानिया तहसीलदार एवं विद्यालय के व्यवस्थापक बाबूलाल पटेल द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्राचार्य महेंद्र सोलंकी द्वारा एवं स्वागत ममता शर्मा दीदी, प्रियंका ठाकुर दीदी एवं नीलू ठाकुर दीदी द्वारा किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नन्हे मुन्ने बालकों द्वारा बहुत ही मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। जिसे वहां उपस्थित अभिभावकों द्वारा सराहा गया। तहसीलदार एवं समिति पदाधिकारीयों द्वारा प्रदेश स्तर पर घोष वादन में द्वितीय स्थान पर आने वाले भैया बहिनों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। तहसीलदार ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान में हमारी संस्कृति का संरक्षण करना बहुत ही आवश्यक है और यह कार्य शिशु मंदिर में शिक्षा प्राप्त कर आसानी से किया जा सकता है मेरी शिक्षा भी शिशु मंदिर में हुई है । कड़ी मेहनत से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। अतः अपने जीवन का लक्ष्य बनाकर मेहनत करें एवं अपने विद्यालय एवं परिवार का नाम रोशन करें ।इस अवसर पर उपाध्यक्ष प्रहलाद दास अजमेरा, कोषाध्यक्ष जय नारायण राठौर, बहादुर सिंह ठाकुर, खुमान सिंह ठाकुर, कैलाश सोलंकी, सरोज भावसार, विजेंद्र सिंह ठाकुर, शोभाल सिंह ठाकुर, मनोहर लाल शर्मा, संगीता ठाकुर, मनीषा भावसार ,अलका शर्मा, रानू भरेवा, पूजा पांचाल ,रितु ठाकुर, बेबी पाटीदार, रूपम अजमेरा, देवकरण प्रजापति, एवं बड़ी संख्या में अभिभावक बंधु, भगिनी एवं भैया बहिन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र शर्म ने किया।

## विस चुनाव के कारण पिछड़ी पढ़ाई अधूरा कोर्स पूरा करवा रहे शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा सत्र 2023-24 की बोर्ड परीक्षा फरवरी के पहले सप्ताह में शुरू करवाई कर जा रही है, जिसमें जिले के सभी शासकीय-अशासकीय विद्यालयों के हाईस्कूल व हायर सेकंडरी के विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। शिक्षा विभाग द्वारा जिले में परीक्षा के लिए केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें संवेदनशील- अतिसंवेदनशील केंद्र हैं। प्रत्येक ब्लॉक में एक-एक संवेदनशील केंद्र होगा, जिसमें स्वाध्यायी विद्यार्थी परीक्षा देंगे। इधर पिछले सत्र की तुलना में इस सत्र में कक्षा 12वीं के परीक्षार्थियों की संख्या में कमी है। विधान सभा चुनाव 2023 और आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई पिछड़ गई। शिक्षक जल्दबाजी में कोर्स पूरा करवाने में जुटे हैं, जिससे विद्यार्थियों को विषय को समझने में कठिनाई आ रही है और उन्हें बोर्ड परीक्षा की तैयारी करने में अब ज्यादा समय भी नहीं बचा है। इस कारण विद्यार्थी चिंतित हैं। विकास खंड शिक्षा अधिकारी अजबसिंह राजपूत ने बताया सत्र 2023-24 की बोर्ड परीक्षा फरवरी के पहले सप्ताह में शुरू होगी, जिसमें कक्षा 10वीं की परीक्षा 5 फरवरी से 28 फरवरी 2024 तक चलेगी। वहीं कक्षा 12वीं की 6 फरवरी से 5 मार्च तक चलेगी।दोनों कक्षाओं का परीक्षा समय सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक रहेगा।

**मॉडर्न पब्लिक हा.से. स्कूल में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का किया गया आयोजन**

# प्रायमरी, मिडिल और हायर सेकंडरी के बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



संस्था मॉडर्न पब्लिक हा.से. स्कूल आष्टा में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसका प्रतिभागी छात्र/छात्राओं को पुरूस्कृत कर खेल प्रतियोगिता का समापन किया गया। सर्वप्रथम मॉ सरस्वती का पूजन व द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जिसमें प्रथम दिन प्रायमरी, द्धितीय दिन मिडिल व तृतिय दिन हायर कक्षाओ के खेल खिलवाये गये थे। खेलो में 50मी. रेस, 100मी. रेस, स्पून रेस, चेयर रेस, फ्रोग रेस, थ्री लेग रेस, खो-खो, वॉलीबॉल, 200मी. रेस, स्लो सायकल रेस करवाई गई। सभी कक्षा के बच्चो ने खेलो में बढचढ कर भाग लिया। विद्यालय का उद्धेश्य खेल प्रतियोगिता करा कर बच्चो की प्रतिभा को आगे लाना है। तथा आज हम खुद देख रहे है। कि खेल के माध्ययम से हमारे देश का नाम रोशन करने वाली प्रतिभा किस प्रकार से अपना व माता पिता व देश का नाम आगे बढा रही है। आज हर खेल के द्वारा प्रतिभावान छात्र/छात्रा आगे बढ रही है। बच्चो कि किस खेल में रूची है। तथा उन्हे कोन सा खेल ज्यादा प्रिय लगता है। उसी क्षेत्र में उन्हे कदम रखना चाहिये। खेल कोई भी हो परन्तु उसमें आगे बढने के लिये मेहनत तो जरूरी है। बिना मेहनत के कोई भी व्यक्ति आगे नही बढ सकता है। बच्चा अगर पढाई करे व मेहनत न करे तो वह भी आगे नहीं बढ सकता है। अच्छे अंक लाने के लिये बच्चो को बहूत मेहनत करना पड़ती है तथा वह अपना व माता पिता और शाला का नाम आगे बढा पाता है। बच्चों को प्रतियोगिता में उत्सुकता के साथ हिस्सा लेने व जितने पर सभी प्रतिभागीयों को सभी शिक्षको द्वारा बधाई दी व बच्चो के उज्जवल भविष्य की भी कामना की। प्रतियोगिता में उपस्थित संचालक मंडल व शाला परिवार के मार्ग दर्शक शंकर लाल परमार, भीम सिंह ठाकुर, कुंवर लाल परमार, स्कूल समिति अध्यक्ष अभिषेक परमार, प्राचार्य अमित यादव, उपप्राचार्य विकास चौरसिया, बी.एल. मालवीय, रवि पाठक, तेजराज मेवाड़ा, संदीप जोशी, राजेश बड़ोदिया, रजत धारवा, पंकज ठाकुर, राजपाल साहू, अनीता परमार, निर्मला सारसिया, कविता ठाकुर, अंजलि चौरसिया, करिश्मा चौपड़ा, अंजु नावड़े, रचना ठाकुर, नीता सक्सेना, हेमलता पाटीदार, स्वेतान्शु ठाकुर, इतिका चौहान आदि शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## नगर के स्कूलों में चलाया कॉलेज चलो अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

शुक्रवार को शा.महाविद्यालय में प्राचार्य नरेन्द्र कुमार शुक्ल के मार्गदर्शन में कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत सॉई पब्लिक स्कूल जावर, शास्त्री विद्या निकेतन व सी.एम.राईस शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल का भ्रमण किया गया। जिसके अंतर्गत अभियान प्रभारी डॉ रचना मेहरा, विशाल करंदीकर और पुलकित शर्मा द्वारा अभियान की विवरण पुस्तिका और महाविद्यालय की विवरण पुस्तिका विद्यालयों के प्राचार्यों को सौंपते हुए महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, प्रवेश प्रक्रिया, संचालित पाठ्यक्रमों एवं छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की गई।